एफ. सं. 01-06/2023-प्रशासन

भारत सरकार

# राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

एनडीएमए भवन,ए-1, सफदरजंग एंक्लेव, नई दिल्ली-110029

फोन नं: 26701700

सत्यमेव जयते

NATIONAL DISASTER MANAGEMENT AUTHORITY • INDIA •

**संविदा आधार पर राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण में वरिष्ठ सलाहकार(शहरी बाढ़ प्रबंधन) के पद हेतु विज्ञापन.**

एनडीएमए निम्नलिखित पद के लिए अपेक्षित योग्यता और अनुभव के साथ भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है:

| क्र.सं. | पद का नाम | पद की प्रकृति | रिक्ति की संख्या | शैक्षिक योग्यता | योग्यता पश्चात् अनुभव | अधिकतम आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **वरिष्ठ सलाहकार (शहरी बाढ़ प्रबंधन)** | संविदागत | 1 (एक) | **अनिवार्य:** जल संसाधन प्रबंधन, हाइड्रोलॉजी, बाढ़ जोखिम प्रबंधन, आपदा प्रबंधन या आपदा प्रबंधन से संबंधित अन्य कोई अनुशासन (भूगोल, जियोलॉजी, पर्यावरण, सिविल/जियो-तकनीकी इंजीनियरी) में स्नातकोत्तर डिग्री या आर्किटेक्चर/योजना /समकक्ष विषय में स्नातकोत्तर डिग्री.<br>**वांछनीय:** आपदा प्रबंधन या संबंधित क्षेत्र में एक अनुसंधान डिग्री(एम.फिल/पीएच.डी). | • शहरी योजना/ बाढ़/शहरी बाढ़ प्रबंधन या संबंधित विषयों में न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव.<br>• अनुसंधान कार्य की अवधि(पीएच.डी/एम.फिल) को कार्य अनुभव के लिए गिना जाएगा.<br>• आपदा जोखिम कमी और शमन के पर्याप्त प्रयोग के साथ परियोजना में क्षेत्र अनुभव को चयन प्रक्रिया में अधिक महत्व दिया जाएगा.<br>• शैक्षिक योग्यताएं और कार्य अनुभव दोनों को क्षेत्र में स्थापित विशेषज्ञ के रूप में आवेदक के प्रत्ययों को प्रमाणित करना होगा.<br>**नोट:** 62 वर्ष की अधिकतम आयु और आईएनआर 7,600/- या अधिक के ग्रेड वेतन के साथ पद धारण करने वाले, समान शिक्षा और अनुभव के साथ सेवानिवृत्त सरकारी पदधारी भी आवेदन कर सकते हैं. | वरिष्ठ सलाहकार के लिए 50 वर्ष (सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी के मामले में अधिकतम आयु सीमा 62 वर्ष है) |

2. **मेहनताना बैंड:** वरिष्ठ सलाहकार के लिए रुपये 1,25,000-1,75,000/-, सलाहकार के रूप में नियुक्त सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों के संदर्भ में मेहनताना वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग ओ.एम.सं. 3-25/2020-ईIII.A, तिथि 09 दिसम्बर 2020 के अनुसार विनियमित होगा.

3. उक्त पद की नियुक्ति के लिए विस्तृत नियम व शर्तें और पात्रता मानदंड (शैक्षिक योग्यताएं, आयु, अनुभव आदि), टर्म ऑफ रेफरेंस (टीओआर) में अंकित है और एनडीएमए की वेबसाइट **http://ndma.gov.in** पर देखा जा सकता है.

4. अनिवार्य और वांछनीय योग्यताओं और अनुभव को मूल प्रमाणपत्रों के साथ सत्यापित किया जाएगा.

5. इच्छुक उम्मीदवार एनडीएमए की वेबसाइट पर पद के लिए रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **20 दिन के अंदर** आवेदन कर सकते हैं.

6. **आवेदनों पर केवल एक बार विचार किया जाएगा. आवेदक एनडीएमए की नौकरी पोर्टल (http://ndma.gov.in) द्वारा आवेदन करें. आवेदन के अन्य किसी माध्यम पर विचार नहीं किया जाएगा. ऑनलाइन आवेदन करने के लिए किसी भी सहायता के लिए कृपया @9958136496/9873997934 पर कॉल करें.**

**महत्वपूर्ण नोट: अपूर्ण आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा और एनडीएमए ऐसे आवेदनों को कोई भी कारण बताएं बिना अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.**

(सरोज कुजूर)

अवर सचिव (सामान्य)

**EN 16/24**